प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

स्टार्टअप महाकुंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में भारत मंडपम में चल रहे स्टार्टअप महाकुंभ के समापन अवसर पर उद्यमियों को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी ने कहा है कि स्टार्टअप महाकुंभ एक ऐसा मंच है जो स्टार्टअप, नवप्रवर्तन कर्ताओं और आगामी उद्यमियों की दुनिया के हितधारकों को एक साथ लाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्टार्टअप की दुनिया में भारत की प्रगति अभूतपूर्व रही है।

3 दिनों तक चले इस इवेंट में 2 हजार से अधिक उद्यमी शामिल हुए हैं, जिनमें भारत सहित 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और उद्यमियों ने भाग लिया। इस महाकुंभ का उद्देश्य पूंजीपतियों और निवेशकों को भारतीय व्यापार के साथ जोड़ना है।

कांग्रेस बैठक दिल्ली

हिमाचल में लोकसभा की चार सीटों और विधानसभा उप–चुनावों की 6 सीटों के लिए प्रत्याशी तय करने पर कल कांग्रेस सक्रीनिंग कमेटी ने नई दिल्ली में बैठक की। कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व रेल राज्य मंत्री भक्त चरण दास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के टिकट इसी सप्ताह केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में घोषित हो सकते है जबकि विधानसभा उप–चुनाव को लेकर कुछ दिन बाद मंथन करने की सहमति बनी है।

जयराम

कांग्रेस के बागी विधायकों को भाजपा में शामिल करने को लेकर चल रही अटकलों को सपष्ट करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कल शिमला में एक पत्रकार वर्ता में कहा कि कांग्रेस के इन बागी नेताओं को भाजपा में शामिल करने की संभावनाएं बनी है, लेकिन इस पर अंतिम निर्णय भाजपा शीर्ष नेतृत्व ही लेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन विधायकों ने भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी को संसद तक पहुंचाने के लिए योगदान दिया है, जिसको मद्देनजर रखते हुए इनके लिए सम्मानजनक प्रक्रिया बनाई जाएगी। जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की स्थिती में भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी हित का ध्यान रखेंगे और पार्टी शीर्ष नेतृत्व के फैसले का सम्मान करेंगे।

शिमला कलाईमेट मीट

हिमालयन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के कारण प्रदेश को बीती बरसात भयंकर आपदा का सामना करना पड़ा था। हिमालय क्षेत्र मे मौसम में आए बदलाव से कृषि और पर्यटन सहित आर्थिकी पर भी बुरा असर हो रहा है। इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर 3 दिवसीय शिमला कलाईमेट मीट का अयोजन एक्शन–ऐड, शिमला कलैक्टिव और मानव विकास संगठन के संयुक्त तत्वाधान में शिमला हो रहा है। 21 मार्च तक चलने वाले इस सैमिनार में पर्यावरण में हो रहे बदलाव के कारणों और बलदाव को लेकर हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर से आए विभिन्न पर्यावरणविदों और विशेषज्ञों द्वारा मंथन किया जा रहा है।

अटल–टनल

मनाली केलंग सड़क पर सोलंग नाला से आगे धुंधी में सड़क की आवश्यक मुरम्मत कार्य के चलते आज और कल अटल–टनल से वाहनों की आवाजाही बंद की गई है। उपायुक्त कुल्लू तारूल एस रविश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार केवल आपात सेवा अथवा जिन पर्यटकों के होटल की बुकिंग लाहौल में हुई है उन्हें ही अटल –टनल से होते हुए लाहौल की ओर जाने दिया जाएगा। हालांकि लाहौल से मनाली की ओर जाने वाले वाहनों पर पाबंदी नही होगी।

संघ लोक सेवा आयोग

संघ लोक सेवा आयोग ने इस वर्ष की सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा की तारीखों में बदलाव का निर्णय लिया है। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 26 मई को हाने वाली ये परीक्षा अब 16 जून को आयोजित की जाएगी। सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा, भारतीय वन सेवा परीक्षा के लिए भी सक्रीनिंग परीक्षा के रूप में कार्य करती है।

आज सभी समाचार पत्रों ने देश सहित प्रदेश में चल रही लोकसभा चुनावों से संबधित राजनीतिक खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला ने कांग्रेस प्रत्याशियों संबधी खबर पर सुर्खी दी है–हिमाचल से संभावित कांग्रेस प्रत्याशियों पर दिल्ली मे मंथन। दिव्य हिमाचल ने सुर्खी दी है–चुनाव को तैयार नहीं प्रतिभा। दैनिक जागरण का शीर्षक है–मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने को तैयार नही कांग्रेस के दिग्गज। वहीं हिमाचल दस्तक लिखता है–कांग्रेस संगठन में जल्द होगी नई नियुक्तियां–दिल्ली मे राजीव शुक्ला से सीएम सुक्खू और प्रतिभा ने की चर्चा।

कांग्रेस बागियों के भाजपा में शामिल होने की संभावनाओं पर अमर उजाला लिखता है–दिल्ली से भगवा चोला ओढ़ लौट सकते है कांग्रेस के बागी। दैनिक सवेरा का शीर्षक है– कांग्रेस बागियों को चुनाव मैदान में उतारने पर भाजपा कर रही मंथन। पंजब केसरी के शब्द है–बागियों की ऐंट्री से पहले भाजपा में हलचल तेज–पार्टी निर्णय के साथ चलने की दी हिदायत।

पंजाब केसरी की सुर्खी है– महिला सम्मान योजना के फार्म भरने पर रोक, आचार संहिता समाप्त होने तक नहीं लिए जाएंगे फार्म। हाईकोर्ट के निर्देश–नेशामुक्ति केंद्र पर सकारात्मक सोच दिखाए हिमाचल सरकार शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है– हाईकोर्ट में ताजा स्टेटस रिर्पोट दायर करने के दिए आदेश। इसी खबर पर दैनिक सवेरा टाइम्स की सुर्खी है–स्टेटस रिर्पोट से प्रतीत होता है सरकार नशे से निपटने के लिए तैयार नहीं।

मौसम संबंधी खबर पर आपका फैसला लिखता है–हिमाचल के कई भागों में कल से मौसम बिगड़ने के आसार। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–नारकंडा में हुआ ताजा हिमपात 24 घंटे मे हमीरपुर व बिलासपुर में भारी ओलावृष्टि की चेतावनी।

————————————————————